an>

Title: Regarding reported Bangladeshi infiltrators and their alleged anti-national activities in Santhal Pargana in Jharkhand.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं संथाल परगना से सांसद हूं। कल ही हमारे यहां एक आतंकवादी पकड़ा गया है, जो बांग्लादेश का है। जब से मैं मेंबर ऑफ पार्लियामेंट बनकर आया हूं, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बात लगातार उठा रहा हूं। मेरे संथाल परगना के 6 जिले हैं, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकूर, जामताड़ा और साहेबगंज। यह डेमोग्राफी चेंज हो रही है, यह केवल रिलीजन का सवाल नहीं है। सवाल यह है कि बांग्लादेश से जो लोग आ रहे हैं, वे सिक्योरिटी गार्ड का काम कर रहे हैं, बाई का काम कर रहे हैं, ड्राइवर का काम कर रहे हैं, कंडक्टर का काम कर रहे हैं और हमारे यहां के जो गरीब लोग हैं, उनका रोजगार छीन रहे हैं। इतना ही नहीं, चाहे वर्धमान ब्लास्ट हो, चाहे यहां पश्चिम बंगाल में क्रिश्चियन मिशनरी पर हमला करने का सवाल हो, चाहे नन के रेप करने का सवाल हो, सभी जगह बांग्लादेशी घुसपैठियों की संलिप्तता उजागर हुई है।

इसीलिए आपके माध्यम से मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि "आधार कार्ड" और एन.पी. आर. लाने के लिए माननीय गृहमंत्री जी ने इस सदन में जो आश्वासन दिया था, नागरिकों की पहचान हो, हमारे यहां नक्सलिज्म और घुसपैठिए की समस्या है, जो डेमोग्राफी चेन्ज हो रही है, उसके ऊपर रोक लगायी जाये।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Shivkumar Udasi, Shri Pralhad Joshi, Shri Rajendra Agrawal and Shri P.P. Chaudhari are permitted to associate with the issue raised by Shri Nishikant Dubey.